दिनांक : 05/04/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करेंगे
- अनूपपुर जिले के कोतमा में इमारत ढहने से हुए हादसे में 2 लोगों की मृत्यु, तीन घायल
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए जेनेटिक काउंसलिंग और जन-जागरूकता पर दिया जोर
- मौसम विभाग ने भोपाल और ग्वालियर सहित 45 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया

-------------------------------------------

प्रधानमंत्री बंगाल दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज चुनाव प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल के कूच बिहार का दौरा करेंगे। कूच बिहार रास मेला मैदान में वे कूच बिहार जिले की आठ सीटों और अलीपुरद्वार जिले की पांच सीटों पर चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करेंगे। इससे पहले कल तिरुवल्ला में एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान के अंतर्गत एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण एनडीए की प्राथमिकता है और इसकी नीतियों से महिलाओं को सबसे अधिक लाभ हुआ है। उन्होंने दावा किया कि केरल ऐतिहासिक परिवर्तन के लिए तैयार है और एनडीए पर जनता का अटूट विश्वास पूरे राज्य में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री ने खाड़ी युद्ध के संबंध में कहा कि सरकार मध्य पूर्व के देशों में रह रहे केरल सहित अन्य प्रदेशों कें नागरिकों के हितों के संबंध में वहां की सरकारों से लगातार चर्चा कर रही है।

-------------------------------------------

टाइगर कॉरिडोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के इटारसी-बैतूल सेक्शन में 22 किमी लंबे टाइगर कॉरिडोर को फोर लेन बनाने के लिए 758 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इस सेक्शन में फोर लेन निर्माण के लिए मंजूरी देने से अब यहां विकास की नई बयार बहेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने सोशल मीडिया पर बताया कि इस सेक्शन को फोर लेन बनाने से पूरे क्षेत्र में माल ढुलाई में लगने वाला समय कम होगा और सुरक्षा भी बढ़ेगी। इसके साथ ही किसानों के लिए बाज़ारों और मंडियों तक पहुंच भी आसान हो जाएगी।

इस परियोजना में जानवरों के सुरक्षित रूप से सड़क पार करने के लिए 11 विशेष अंडरपास और ओवरपास बनाए जाएंगे, जिससे आस-पास के वन्य जीव इलाकों में सड़क दुर्घटनाओं में बेहद कमी आएगी। बाकी बचे 22 किमी के इस हिस्से को अपग्रेड करने के साथ ही, पूरा ग्वालियर-बैतूल कॉरिडोर एक फोर लेन वाला हाई-वे बन जाएगा।

-------------------------------------------

इमारत हादसा

अनूपपुर जिले के कोतमा में एक इमारत ढह जाने से मलबे में दबकर 2 लोगों की मृत्यु हो गई है और तीन घायल हो गए हैं। फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए बचाव कार्य चल रहा है। प्रदेश के मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा, कि बचाव कार्य चल रहा है। मलबे में दबे लगभग 5 लोगों को निकाला गया है और उसमें से 2 लोगों की मृत्यु हो गई है बाकी 3 लोगों का इलाज जारी है। घटना की पूरी जांच की जाएगी।

अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि NDRF-SDRF की टीम और जिला प्रशासन यहां रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटा हुआ है। अगले 2-3 घंटे में मलबे में फंसे और लोगों को रेस्क्यू करने का काम कर लिया जाएगा।

-------------------------------------------

मुख्यमंत्री- अनूपपुर दुर्घटना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनूपपुर जिले की इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना अत्यंत ही दुखद और पीड़ादायक है। उन्होंने बताया कि अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार और अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत व उपचार की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

-------------------------------------------

राष्ट्रपति - ईस्टर

आज ईस्टर का पर्व है। इस मौके पर ईसाई समुदाय द्वारा गिरजाघरों में साज सज्जा की गई है और विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईस्टर की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दी। साथ ही, इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से सौहार्द, शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने के संकल्प को पुनः दृढ़ करने तथा बेहतर भविष्य के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने का आह्वान भी किया।

--------------------------------------------

राज्यपाल- खरगोन

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए जेनेटिक काउंसलिंग और व्यापक जन-जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। राज्यपाल कल खरगोन जिले के प्रवास के दौरान जनजातीय जीवन रक्षा एवं सिकल सेल हितैषी संवाद को संबोधित कर रहे थे। श्री पटेल ने कहा कि विवाह से पूर्व जेनेटिक कार्ड का मिलान और गर्भावस्था के दौरान समय पर जांच से आने वाली पीढ़ी को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होने विशेष रूप से जेनेटिक काउंसलिंग पर बल देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन' के तहत वर्ष 2047 तक इस बीमारी को पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

--------------------------------------------

राष्ट्रीय कृषि मेला

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाला उन्नत कृषि महोत्सव 2026 प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण वास्तव में खेती का गेम चेंजर राष्ट्रीय कृषि मेला होगा। यह मेला तीन दिनों में किसानों के जीवन में नई उम्मीद, नई तकनीक और नए बाजार अवसर लेकर आएगा। केंद्रीय मंत्री ने आज रायसेन के दशहरा मैदान से राष्ट्रीय कृषि मेले के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह विशेष रथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर 11, 12 और 13 अप्रैल को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृषि मेले के बारे में किसानों को जागरूक करेगा।

--------------------------------------------

स्कूल अभियान

स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत कल प्रदेश की स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह भोपाल के पीएम श्री नवीन कन्या विद्यालय तुलसी नगर पहुंचे और विद्यार्थियों से संवाद किया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन की दृष्टि से “भविष्य से भेंट” कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। इंदौर जिले में करीब 162 अधिकारी शासकीय विद्यालयों में पहुंचे। इंदौर जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा सांदीपनि शासकीय श्रीदेवी अहिल्या आश्रम विद्यालय में आयोजित “भविष्य से भेंट” कार्यक्रम में विद्यार्थियों से रुबरु हुए। आगरमालवा जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय भदवासा में कल ‘भविष्य से भेंट’ कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक पवन स्वर्णकार सें संवाद कर कहानियां

सुनाईं। राज्य शिक्षा केन्द्र के अपर संचालक श्री शीतांशु शुक्ला ने सीहोर, अपर संचालक डॉ. अरूण सिंह इंदौर और देवास जिले की विभिन्न शालाओं में विद्यार्थियों के बीच जाकर संवाद किया।

-------------------------------------------

यूजीसी रैंकिंग

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सूचित किया है कि क्यूएस विश्व रैंकिंग 2027 के लिए डेटा जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक आधिकारिक पत्र में, यूजीसी ने सभी पात्र उच्च शिक्षा संस्थानों से वैश्विक रैंकिंग में उचित प्रतिनिधित्व के लिए 12 अप्रैल से पहले क्यूएस हब पोर्टल के माध्यम से आवश्यक संस्थागत डेटा जमा करने का अनुरोध किया है।

-------------------------------------------

मौसम

प्रदेश में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है। ग्वालियर शहरी क्षेत्र में कल शाम ओलावृष्टि हुई है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने शहरी क्षेत्र में ओलावृष्टि को देखते हुए जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में प्रारंभिक आंकलन करें। शिवपुरी जिले में अचानक मौसम बदला और तेज बारिश के बीच ओलावृष्टि हुई । जिले के बदरवास तहसील के ग्राम बामोरखुर्द में तेज बारिश के साथ करीब 10 मिनिट तक ओलावर्ष्टि हुई। खासकर इस समय खेतों में गेहूं की फसल कटी हुई अवस्था में है या कटने वाली है , जिसे नुकसान की आशंका व्यक्त की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए भोपाल और ग्वालियर सहित 45 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले चार दिनों यानी 7 अप्रैल तक प्रदेश में तेज आंधी चलने की संभावना है।

-------------------------------------------

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटन्स को 6 रन से हरा दिया। वही दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से मात दी। आज सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा और दूसरे मुकाबले में शाम 7:30 बजे से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच खेला जाएगा।

-------------------------------------------

अब कुछ समाचार संक्षेप में.......

1- गुना जिले के ग्राम जोहरी में आयोजित कृषक चौपाल संगोष्ठी में नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई।
2- नर्मदापुरम के शासकीय एसएनजी विद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेला कल संपन्न हो गया।
3- जबलपुर में प्रमुख सचिव पशुपालन और डेयरी उमाकांत उमराव ने कल औचक निरीक्षण कर, व्यवस्थाओं की पड़ताल की।
4- मन्दसौर के राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज में वेस्ट मैनेजमेंट पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।
5- आईआईएम इंदौर में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम मास्टर ऑफ मैनजमेंट स्टडीज (एमएमएस) के प्रथम बैच के दीक्षांत समारोह में 73 विद्यार्थियों औरबीए (फाउंडेशन्स ऑफ मैनेजमेंट) के 62 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गयी।
6- डिंडोरी जिले के ग्राम सिमरिया में 100 दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग के तहत एक्स-रे कैंप का आयोजन किया गया।
7- खंडवा में आज जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

-------------------------------------------